<u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 31/05//2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0 ।

अपने पत्र संख्याः वीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है ।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 30.05.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

<u>01. थाना नन्दगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।</u>

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी भुडकुड़ा के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 30.05.2024 को उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह मय हमराह आरक्षी सन्तोष मौर्या व आरक्षी अखिलेश सिंह के मामूर होकर रामपुर बन्तरा अण्डर पास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि मुखबिर खास कि सूचना पर **नाम रोहन यादव पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम सरया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर हाल पता दयोपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर** उम्र 22 वर्ष को धामूपुर चट्टी के पास से एक अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 91/2024 धारा 411/419/420 भादवि में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत है-

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता</u>- रोहन यादव पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम सरया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर हाल पता दयोपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व समय</u>- दिनांक 30.05.2024 समय 01.20 बजे ।

<u>गिरफ्तारी का स्थान</u>- बहद ग्राम रामपुर बन्तरा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> एक अदद चोरी की मोटर साइकिल हीरो स्पेलण्डर

<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u> मु0अ0सं0 91/2024 धारा 411/419/420 भादवि

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर